# जयपुर विकास प्राधिकरण

क्रमांक :– एफ (जविप्रा) / टीसीबी / 2007–08 / डी– 410–438 दिनांक : 7/9/07

## दिनांक 1.9.2007 को जेडीसी महोदय की अध्यक्षता में आयोजित 55 वी टी.सी.बी बैठक की कार्यवाही का विवरण

### 1 पुराने प्रकरण :

#### (i) प्राइवेट बस स्टेण्डों को शहर के बाहर स्थानान्तरित करना

54 वी टीसीबी के पुराने प्रकरणों में प्राइवेट बस स्टेण्डों को शहर के बाहर स्थानान्तरित करने के प्रकरण के संबंध में संभावित स्थलों की पहचान की जाकर सूची पुलिस अधीक्षक यातायात एवं प्रादेशिक परिवहन अधिकारी को भिजवायी जानी थी। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी ने संभावित स्थलों की सूची भिजवा दी है, परन्तु पुलिस अधीक्षक यातायात की ओर से सूची आनी बकाया है। इसी तरह जविप्रा के स्तर पर संभावित स्थलों की पहचान किये जाने का कार्य प्रगति पर है। अतः निर्देश हुये कि इस विषय में शीघ्र कार्यवाही की जाये एवं स्टीयरिंग कमेटी इस प्रकरण की प्रगति को मॉनिटर करे।

संबंधित अधिकारी, पुलिस अधीक्षक यातायात एवं जविप्रा।

#### (ii) यातायात सर्किल एवं रोटरीज पर मूर्ति स्थापना

टीसीबी को अवगत करवाया गया कि इस संबंध में आयुक्त महोदय द्वारा राज्य सरकार को टीसीबी निर्णय की अनुपालना में नीति निर्धारित करने के लिए पत्र भिजवा दिया गया है एवं इस संबंध में अग्रिम कार्यवाही राज्य सरकार के निर्णयानुसार की जायेगी। अतः इस प्रकरण को स्थगित किये जाने का निर्णय लिया गया।

#### (iii) स्टेच्यू सर्किल की सडकों पर स्थित खंभों को पीछे हटाया जाना

टीसीबी को अवगत करवाया गया कि इस संबंध में पत्र राज्य सरकार को लिख दिया गया है एवं अग्रिम कार्यवाही राज्य सरकार के निर्देशों के अनुसार की जायेगी। अतः इस प्रकरण को स्थिगित किये जाने का निर्णय हुआ।

#### (iv) अन्य प्रकरण

इन्द्रप्रस्थ मालवीय नगर आरओबी एवं तुलसी मार्ग पर अभियांत्रिकी बदलाव तथा बहुमंजिला इमारतों एवं व्यवसायिक परिसरों के बाहर पार्किंग सुविधा के बोर्ड एवं केता पुस्तिका तैयार करने तथा गौरव टॉवर पर पार्किंग समस्या के निराकरण से संबंधित प्रकरणों पर संबंधित अधिकारियों एवं इकाईयों की ओर से कोई प्रगति प्राप्त नहीं हुयी है। अतः सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश हुये कि वे अपने से संबंधित प्रकरणों पर कार्यवाही करके शीघ्र ही अनुपालना भिजवाने की व्यवस्था करेंगें।

संबंधित अधिकारी, जोनल अभियंता– I, निदेशक नगर नियोजन, यातायात पुलिस एवं जविप्रा।

## 2 ढॉचागत विकास कार्यक्रम :

### (i) बीआरटीएस परियोजना

बीआरटीएस परियोजना के विविध पक्षों एवं पहलूओं से टीसीबी को अवगत करवाये जाने का प्रकरण 55 वी टीसीबी मीटिंग का एक प्रमुख एजेण्डा आइटम था। बीआरटीएस के सैद्धांतिक एवं अवधारणात्मक पहलूओं के संबंध में आईआईटी दिल्ली के विशेषज्ञों डॉ. गीतम तिवाडी एवं डॉ. दिनेश मोहन द्वारा प्रस्तुतीकरण दिये गये, जिन पर टीसीबी सदस्यों ने विचार विमर्श किया एवं बीआरटीएस के विविध पहलूओं की जानकारी हासिल की। इसके पश्चात् पीडीकोर द्वारा जयपुर की बीआरटीएस परियोजना के पैकेज दो (पानीपेच से सांगानेर पुल तक) के संबंध में कियान्वयन पहलूओं पर प्रस्तुतीकरण दिया गया एवं बीआरटीएस के इस कॉरिडोर पर आने वाले अवरोधों एवं विविध स्थानों पर बीआरटीएस परियोजना की कियान्वयन के लिए किये जाने वाले कार्यों एवं मौजूदा सडक स्थितियों में बदलाव के संबंध में टीसीबी सदस्यों को अवगत करवाया गया। सदस्यों ने अपने सुझाव दिये एवं विशेषज्ञों से विभिन्न कार्य योजनाओं के बारे में स्पष्टीकरण प्राप्त किये। बाद में विचार–विमर्श टीसीबी ने पीडीकॉर के प्रस्तुतीकरण का अनुमोदन किया एवं पीडीकॉर ने अवगत कराया कि टीसीबी के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत सुझावों को बीआरटीएस परियोजना के कियान्वयन के दौरान ध्यान में रखा जायेगा। अध्यक्ष महोदय ने इस परियोजना का कियान्वयन समयबद्ध कार्ययोजना तथा निर्धारित चरणों में गुणात्मक तरीके से किये जाने पर विशेष बल दिया।

संबंधित अधिकारी, सर्किल अभियंता बीआरटीएस (सीई–1) एवं पीडीकॉर।

### (ii) एटीसीएस परियोजना

एमआई रोड ट्रेफिक कॉरिडोर पर एटीसीएस परियोजना की प्रगति से टीसीबी को अवगत करवाया गया। निर्धारित कार्य इस परियोजना के अंतर्गत संपन्न किया जा चुका है एवं एटीसीएस प्रणाली के माध्यम से प्रायोगिक तौर पर यातायात का संचालन किया जा रहा है। इस कार्य प्रणाली की अब तक की स्थिति संतोषजनक रही है। शेष बचे हुये ट्रेफिक पाइन्टस पर कार्य करने के लिए सीडेक संस्था को लिख दिया गया है एवं इस बारे में एमओयू शीघ्र ही तैयार किया जाना प्रस्तावित है।

संबंधित अधिकारी, जेड. ई (विद्युत, श्री ओ.पी गुप्ता), पुलिस अधीक्षक यातायात।

## 3 तकनीकी सुधार :

पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा यातायात व्यवस्था में तकनीकी सुधार के संबंध में जो तथ्य प्रमुख शासन सचिव महोदय, (माननीय मुख्यमंत्री) की मीटिंग में प्रस्तुत किये थे, के कियान्वयन एवं नियमित मॉनिटरिंग के लिए टीसीबी के समक्ष रखे जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाकर प्रासंगिक विषय–वस्तु को टीसीबी द्वारा मॉनिटर किये जाने का निर्णय लिया गया। पुलिस अधीक्षक यातायात के द्वारा यातायात व्यवस्था में तकनीकी सुधार के विविध प्रस्तावों की सूची पूर्व से ही निदेशक अभियांत्रिकी के पास है एवं इन प्रस्तावों पर कार्रवाई की जाकर अनुपालना से टीसीबी को अवगत करवाये जाने का निर्णय लिया गया।

संबंधित अधिकारी, निदेशक अभियांत्रिकी एवं पुलिस अधीक्षक यातायात।

## 4 मानवीय सुधार एवं कार्मिक योग्यता निर्माण :

जविप्रा द्वारा यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए घोषित बजट के उपयोग के द्वारा यातायात संसाधन एवं उपकरणों के कय तथा यातायात शिक्षा, प्रशिक्षण एवं जागरूकता में विकास के लिए, सचिव, जविप्रा की अध्यक्षता में स्टीयरिंग कमेटी की बैठकों का आयोजन नियमित तौर पर हो रहा है तथा वांछित कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

संबंधित अधिकारी, सचिव, जविप्रा एवं सलाहकार टीसीबी।

5 <u>विविध विषय</u> :

## (i) <u>खासाकोठी चौराहे पर स्लिप लेन का निर्माण</u>

पुलिस अधीक्षक यातायात ने अवगत करवाया कि कलेक्ट्रेट से सिंधी केम्प की तरफ जाने वाले यातायात के लिए बनी हुयी स्लिप लेन छोटी है और वह ट्रेफिक के दबाव के लिए पर्याप्त नहीं है। अतः दिलबहार रेस्टोरेन्ट, गृह–संगृह एवं पीडब्ल्यूडी चौकी की तरफ का आवश्यक एरिया एक्वायर किया जाकर स्लिप लेन को बडा किया जाये। इस चौराहे पर बडा निर्माण किये जाने का प्रस्ताव नगर निगम के विचाराधीन है और इस निर्माण के होने के बाद प्रस्तावित स्लिप लेन बनाया जाना असंभव हो जायेगा। अतः प्रस्तावित अधिग्रहण की कार्यवाही अभी से ही की जानी जरूरी है। पुलिस अधीक्षक यातायात के इस प्रस्ताव का अनुमोदन टीसीबी द्वारा किया गया तथा टीसीबी की बैठक में उपस्थिति महापौर महोदय ने इस प्रस्ताव के बारे में सहमति प्रकट की एवं उन्हें प्रस्ताव भिजवाये जाने का निर्देश प्रदान किया।

संबंधित अधिकारी, पुलिस अधीक्षक यातायात।

## (ii) <u>कियोस्क, थडियों एवं फुटपाथी कारोबार को व्यवस्थित करना</u>

टीसीबी बैठक में उपस्थित महापौर महोदय ने इस संबंध में एक व्यवस्थित एवं दीर्घकालिक कार्ययोजना बनाये जाने की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे कि उक्त गतिविधियॉं अव्यवस्थित एवं मनमर्जी से संचालित नहीं हो एवं यातायात संचालन में बाधा नहीं बने। यातायात मास्टर प्लान के अंतर्गत इस विषय का विशेष से ध्यान रखा जाना चाहिये। महापौर महोदय ने सुझाव दिया कि नगर निगम, जविप्रा, यातायात पुलिस, जिलाधीश एवं संबंधित यूनियनों के प्रतिनिधि आपस में विचार विमर्श कर प्रस्तावित कार्य योजना को व्यावहारिक स्वरूप प्रदान कर सकते है।

संबधित विभाग, जयपुर नगर निगम।

मीटिंग का समापन धन्यवाद प्रस्ताव सहित संपन्न हुआ।

सचिव
जयपुर विकास प्राधिकरण

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रस्तुत है :–

1. महापौर नगर निगम जयपुर
2. कलेक्टर जयपुर
3. परिवहन आयुक्त राजस्थान जयपुर
4. निदेशक आरयूआईडीपी जयपुर
5. प्रबन्ध निदेशक राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम जयपुर
6. सलाहकार ट्रेफिक कन्ट्रोल बोर्ड जविप्रा
7. मुख्य कार्यकारी अधिकारी नगर निगम जयपुर
8. आयुक्त राजस्व नगर निगम जयपुर
9. पुलिस अधीक्षक यातायात जयपुर
10. मुख्य प्रवर्तन अधिकारी जविप्रा
11. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात जयपुर
12. प्रादेशिक परिवहन अधिकारी जयपुर
13. मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग जयपुर
14. मुख्य अभियन्ता, जयपुर विद्युत वितरण निगम लि0 जयपुर
15. मुख्य अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग जयपुर
16. निदेशक वित्त जविप्रा
17. निदेशक नगर आयोजना जविप्रा

18. निदेशक परियोजना जविप्रा
19. निदेशक अभियांत्रिकी जविप्रा
20. अति. मुख्य अभियंता, जविप्रा
21. निजी सचिव आयुक्त जविप्रा
22. निजी सचिव, सचिव जविप्रा
23. सर्किल अभियन्ता –प्रथम (बीआरटीएस)जविप्रा
24. सर्किल अभियन्ता –द्वितीय जविप्रा
25. सिस्टम एनेलिस्ट जविप्रा
26. जनसम्पर्क अधिकारी जविप्रा
27. जोनल अभियंता–विद्युत (एटीसीएस)
28. जोनल अभियन्ता –9 जविप्रा
29. श्री प्रमोद भसीन मुस्कान संस्था प्रतिनिधि 45, हथरोई अजमेर रोड जयपुर

सचिव
जयपुर विकास प्राधिकरण